केन्द्रीय विद्यालय संगठन, गुरुग्राम संभाग
पूर्व–बोर्ड परीक्षा 2025-2026
विषय -हिंदी कोड (002)
कक्षा–दसवीं

समय: 03 घंटे **अधिकतम अंक – 80**

निर्देश:-

- **इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड है –क,ख,ग,घ |**
- **खंड (क) में कुल 2 प्रश्न है, जिनमे उप-प्रश्नों की संख्या 10 है |**
- **खंड (ख) में कुल 4 प्रश्न है,जिनमे उप-प्रश्नों की संख्या 20 है | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उप-प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है|**
- **खंड (ग) में कुल 5 प्रश्न है , जिनमे उप-प्रश्नों की संख्या 21 है | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए उप-प्रश्नों के उत्तर दे|**
- **खंड(घ) में कुल 4 प्रश्न है, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए है|**
- **प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए|**

खंड- क (अपठित बोध) (अंक-14)

प्रश्न संख्या 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (7)

मनुष्य की पहचान उसकी भाषा से होती है और भाषा संस्कार से बनती है जिसके जैसे संस्कार होंगे वही उसकी भाषा होगी । जब कोई आदमी भाषा बोलता है तो साथ में उसके संस्कार भी बोलते हैं । यही कारण है कि भाषा शिक्षक का दायित्व बहुत गुरुत्तर और चुनौतीपूर्ण है । परंपरागत रुप में शिक्षक की भूमिका इन तीन कौशल बोलना, पढ़ना और लिखना तक सीमित कर दी गई है । केवल यांत्रिक कौशल किसी जीती जागती भाषा का उदाहरण नहीं हो सकते । सोचना, महसूस करना दो ऐसे कारक हैं जिनमे भाषा सही आकार पाती है । इनके बिना भाषा, भाषा नहीं है । इनके बिना भाषा संस्कार नहीं बन सकती । इनके बिना भाषा युगों युगों का लंबा सफर तय नहीं कर सकती । इनके बिना कोई भाषा किसी देश या समाज की धड़कन नहीं बन सकती । केवल संप्रेषण ही भाषा नहीं है, दर्द और मुस्कान के बिना कोई भाषा जीवंत नहीं हो सकती । भाषा हमारे समाज के निर्माण, विकास, अस्मिता सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान का भी महत्वपूर्ण साधन है । भाषा के बिना मनुष्य पूर्ण नहीं है भाषा में ही हमारे भाव ,राज्य, संस्कार और प्रांतीयता झलकती है । इस झलक का संबंध व्यक्ति की मानवीय संवेदना और मानसिकता से भी होता है । जिस व्यक्ति के जीवन का उद्देश्य और मानसिकता जिस स्तर की होगी उसकी भाषा के शब्द और मुख्यार्थ भी उसी स्तर के होंगे । साहित्यकार ऐसी भाषा को आधार बनाते हैं जो उनके पाठकों एवं श्रोताओं की संवेदना के साथ एकाकार करने में समर्थ हों ।

1. **मनुष्य की पहचान उसकी भाषा से होती है, क्योंकि.** **(1)**

(क) मनुष्य की पूर्णता भाषा द्वारा ही संभव है

(ख) मनुष्य के भाव भाषा से ही व्यक्त होते हैं

(ग) भाषा का प्रचार और विकास कोई नहीं रोक सकता

(घ) दर्द और मुस्कान के बिना भाषा जीवित नहीं हो सकती

2 **निम्नलिखित कथन (**A**) तथा कारण (**R**) को ध्यानपूर्वक पढ़ें उसके बाद दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुन कर लिखिए. (1)**

कथन... (A**)जब कोई आदमी बोलता है तो साथ में उसके संस्कार भी बोलते हैं**

कारण.. (R**)भाषा शिक्षक का दायित्व बहुत चुनौतीपूर्ण होता है क्योंकि उसे कौशलो का विकास करना होता है**

(क) कथन (A) तथा कारण (R)दोनों गलत है

(ख) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R)सही है

(ग) कथन (A)सही है किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है

(घ) कथन(A) तथा कारण (R) दोनों सही है और कारण (R) कथन(A) की सही व्यक्ति या करता है

(3) **गद्यांश में साहित्यकार द्वारा किए गए कार्य का उल्लेख इनमें से कौन से विकल्प से ज्ञात होता है.. (1)**

(क) साहित्य समाज का दर्पण है

(ख) साहित्यकार साहित्य सृजन में व्यस्त रहता है

(ग)साहित्यकार सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान बनाता है

(घ) साहित्यकार जन सामान्य की अस्मिता का परिचायक होता है

(4) **गद्यांश के अनुसार भाषा शिक्षक की वास्तविक भूमिका क्या होती है**? **(2)**

(5) **जीवंत भाषा का लक्षण बताइए** **(2)**

प्रश्न संख्या 2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (7)

जब हम होंगे बड़े देखना, ऐसा नहीं रहेगा देश|
अब भी कुछ लोगो के दिल में, नफरत अधिक प्यार है कम|
हम जब होंगे बड़े घृणा का , नाम मिटाकर लेंगे दम|
हिंसा के विषमय प्रवाह में,कब तक और बहेगा देश|
जब हम होंगे बड़े देखना, नहीं रहेगा यह परिवेश|
भ्रष्टाचार जमाखोरी की, आदत बहुत पुरानी है|
यह कुरीतियाँ मिटा हमें तो ,चेतना नई जगानी है|
एक घरौंदे जैसा आखिर, कितना और दहकेगा देश
इसकी बागडोर हाथों में, जरा हमारे आने दो,
थोडा सा बस पाँव हमारा,जीवन में टिक जाने दो|
हम खाते हैं शपथ,दुर्दशा कोई नहीं नहीं सहेगा देश|
जब हम होंगे बड़े देखना, ऐसा नहीं रहेगा देश|
हम भारत का झंडा हिमगिरी, से ऊँचा फहरा देंगे|
रेगिस्तान, बंजरों तक में, हरियाली लहरा देंगे|

घोर अभावो की ज्वाला में, कल से नहीं दहेगा देश|
जब हम होंगे बड़े देखना, ऐसा नहीं रहेगा देश|

(क) बच्चे किसे मिटाने का संकल्प ले रहे है? **(1)**

(अ) दुश्मन को (ब) अभावो को
(स) कुरीतियों को (द) घरौंदे को

(ख) उपर्युक्त काव्यांश में किन कुरीतियों की बात कही गई है?सही विकल्प का चयन कीजिये – (1)

1. गरीबी 2. आतंकवाद
3. भ्रष्टाचार 4. जमाखोरी

विकल्प –

(अ) कथन 1 और 2 सही है (ब) कथन 2 और 3 सही है|
(स) केवल कथन 3 सही है (द) कथन 3 और 4 सही है|

(ग) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिये – (1)

कथन(A) : बच्चे लोगो को प्रेम का सन्देश दे रहे है |
कारण (R) : वे देश में व्याप्त समस्याओ से आहत हैं|

(अ) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है |
(ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है|
(स) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है|
(द) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है |

(घ) बच्चे देश की बागडोर अपने हाथों में क्यों लेना चाहते है? (2)

(ड)काव्यांश के माध्यम से बताइए कि बच्चे कौन सी शपथ लेते हैं? (2)

खंड-ख (व्यावहारिक व्याकरण) (1X16=16)

प्रश्न संख्या -3. निर्देशानुसार "रचना के आधार पर वाक्य भेद" पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिये –(1X4 =4)

(1) इसी बाल सुलभ हंसी में कई यादें बंद हैं | इस वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलिए –
(2) "अजमेर से पहले पिताजी इंदौर में थे और वहां उनकी बड़ी प्रतिष्ठा थी "रचना के आधार पर वाक्य भेद लिखिए?
(3) "माँ बेपढ़ी-लिखी थी और धरती से कुछ ज्यादा ही धैर्यशाली थी "इस वाक्य का सरल वाक्य क्या होगा?
(4) "मैंने एक व्यक्ति को देखा और वह बहुत लम्बा था" इस वाक्य को मिश्र वाक्य में बदलिए –
(5) कुछ पहाड़ी औरतें पत्थरों बैठी पत्थर तोड़ रही थी | संयुक्त वाक्य में बदलिए ?

प्रश्न संख्या- 4. निर्देशानुसार "वाच्य" पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए –(1X4 =4)

(1) बिना सहारे दादाजी अब चल नहीं पाते हैं| इस वाक्य को भाववाच्य में बदलिए?
(2) पान वाले ने यह रहस्य बता दिया (कर्म वाच्य में परिवर्तन कीजिए)?
(3) शीला अग्रवाल को कालेज वालों ने नोटिस थमा दिया| कर्मवाच्य में बदलिए?

(4) कर्ता की प्रधानता वाले वाक्यों में कौन सा वाच्य होता है ?

(5) भाव वाच्य में कौन सी क्रिया होती है?

प्रश्न संख्या -5. निर्देशानुसार "पद परिचय" पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्ही चार रेखांकित पदों का पद परिचय लिखिए – (1X4 =4)

(1) पर्वतीय क्षेत्र अपनी **नैसर्गिक** सुन्दरता के लिए जाना जाता है |

(2) एक दिन **मैंने** हिरोशिमा पर कविता लिखी |

(3) **अरे!** यह नेपाली बोली कहाँ से सीखी?

(4) सूर्य डूबा **और** अँधेरा फैला |

(5) पक्षी आकाश में **उड़ रहे हैं** |

प्रश्न संख्या -6. निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्ही चार प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचानकर लिखिए- (1X4=4)

(1) कोटि कुलिस सम वचन तुम्हारा |

(2) बाण नहीं पहुंचे शरीर तक, शत्रु गिरे पहले ही भू पर |

(3) प्रीति नदी मैं पाँव न बोरयो ,दृष्टि न रूपम परागी|

(4) सिर फट गया उसका मानो अरुण रंग का घड़ा हो|

(5) संध्या सुंदरी परी सी|

खंड –ग (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक) (अंक-30)

प्रश्न संख्या-7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1x**5**=5)

मूर्ति संगमरमर की थी| टोपी की नोक से कोट के दुसरे बटन तक कोई दो फुट ऊंची| जिसे कहते है बस्ट |और सुन्दर थी | नेताजी सुन्दर लग रहे थे | कुछ-कुछ मासूम और कमसिन | फौजी वर्दी मैं मूर्ती को देखते ही "दिल्ली चलो" और "तुम मुझे खून दो....."वगैरह याद आने लगते थे| इस दृष्टि से यह सफल और सराहनीय प्रयास था |केवल एक चीज की कसर थी, जो देखते ही खटकती थी| नेताजी की आँखों पर चश्मा नहीं था | यानी चश्मा तो था मगर संगमरमर का नहीं था |एक सामान्य और सचमुच के चश्मे का चौड़ा काला फ्रेम मूर्ति को पहना दिया गया था | हालदार साहब जब पहली बार इस कसबे से गुजरे और चौराहे पर पान खाने रुके, तभी उन्होंने इसे लक्षित किया और उनके चेहरे पर एक कौतुक भरी मुस्कान फ़ैल गयी | यह आइडिया भी ठीक है| मूर्ति पत्थर की लेकिन चश्मा रियल!

(1) **मूर्ति को सफल तथा सराहनीय प्रयास क्यों कहा गया ?**

(क) मूर्ति को देखकर नेताओं की याद आ जाने के कारण

(ख) मूर्ति द्वारा ह्रदय में देशभक्ति के भाव भर देने के कारण

(ग) मूर्ती वाला स्थान सुन्दर लगने के कारण

(घ) मूर्ति बहुत सुन्दर और रंग बिरंगी लगाने के कारण

(2) **मूर्ति किस नेता की थी ?**

(क) जवाहर लाल नेहरु की (ख) राजेंद्र प्रसाद

(ग) सरदार वल्लभ भाई पटेल (घ) सुभाष चन्द्र बोस

(3) –गद्यांश के आधार पर मूर्ति की विशेषता/विशेषताए हैं| उचित विकल्प का चयन कीजिये –

(1) मूर्ति संगमरमर की थी | (2) मूर्ति सुन्दर थी |

(3) मूर्ति विशाल थी | (4) मूर्ति फौजी वर्दी में थी |

विकल्प-

(क) कथन 1 और 2 सही हैं (ख) कथन 1, 3, और 4 सही है
(ग) कथन 3 सही है (घ) कथन 1, 2 और 4 सही हैं

(4) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-
कथन (A) : हालदार साहब के चेहरे पर कौतुक भरी मुस्कान फ़ैल गयी |
कारण (R) : पत्थर की मूर्ति की आँखों पर रियल चश्मा था |

(क) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है |
(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है |
(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है|
(घ) (द) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है |

(5) हालदार साहब को मूर्ति में किस चीज़ की कमी खटकती थी ?

(क) जूते की (ख) वस्त्र की
(ग) माला की (घ) चश्मे की

प्रश्न संख्या -8. गद्य पाठो के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2X3=6)

(क) बाल गोबिन भगत की कबीर पर श्रद्धा किन रूपों में प्रकट हुई है?
(ख) नवाब साहब द्वारा खीरा खाने की तैयारी करने का एक चित्र प्रस्तुत किया गया है | इस पूरी प्रक्रिया को अपने शब्दों में व्यक्त कीजिये |
(ग) बिस्मिल्लाह खान को वास्तविक अर्थो में सच्चा इंसान क्यों माना गया है ?अपने शब्दों में लिखिए |
(घ) लेखिका मन्नू भंडारी का "पड़ोस कल्चर" से क्या तात्पर्य है? आधुनिक जीवन में पडोस कल्चर समाप्त होने से हमारे जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है?

प्रश्न संख्या -9. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1X5=5)

विकल विकल ,उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाघ के सकल जन ,
आये अज्ञात दिशा से अनंतके घन!
तप्त धरा ,जल से फिर शीतल कर दो
बादल गरजो !

(1)निदाघ से जन जीवन की क्या दशा हो जाती है? उचित विकल्प का चयन कीजिये –

1. जन जीवन का अत्यधिक खुशहाल होना 2. जन जीवन का उदास होना
3. जन जीवन का शोर करना 4. जन जीवन का अत्यंत व्याकुल और बेचैन होना

विकल्प –

(क) कथन 1 और 2 सही है (ख) कथन 2 और 3 सही है |
(ग) केवल कथन 4 सही है| (घ) कथन 1, 2 और 4 सही है|

(2) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (A) : कवि बादल से बरसने की प्रार्थना करते है |

कारण (R) : लोग गर्मी और प्यास से व्याकुल है |

(क) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है |

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है |

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है|

(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है

(3) काव्यांश में बादल के किस रूप को चित्रित किया गया है? उचित विकल्प का चयन कीजिये -

1. काले काले बादलो के रूप में 2. अनंत के घन के रूप में
3. लोकमंगलकारी और परोपकारी रूप में 4. तप्त धरा के रूप में

विकल्प –

(क) कथन 1 और 2 सही है (ख) कथन 2 और 3 सही है

(ग) केवल कथन 3 सही है (घ) केवल 1, 3 और 4 सही है

(4) यह गीत किस प्रकार का है ?

(क) सौन्दर्य गीत (ख) देशभक्ति गीत

(ग) बाल गीत (घ) आह्वान गीत

(5) काव्यांश में प्रयुक्त "अनंत" शब्द किसके लिए कहा गया है ?

(क) सूर्य (ख) आकाश

(ग) बहुत अधिक मात्रा (घ) पृथ्वी

प्रश्न संख्या -10. पद्य पाठो के आधार पर निम्न लिखित चार प्रश्नों में से किन्ही <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (2X3=6)

(क) "अट नहीं रही है" कविता के आधार पर बताइए कि कवि की आँखें किसकी शोभा से और क्यों नहीं हट पा रही रही है ?

(ख) "मन की मन ही मांझ रही" – पंक्ति के आधार पर गोपियों के मन में कौन सी इच्छा थे ?उनकी यह इच्छा किस कारण अधूरी रह गई?

(ग) आत्मकथ्य कविता में कवि द्वारा प्रस्तुत सुखद स्वप्न को अपने शब्दों में लिखिए?

(घ) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन- कौन से तर्क दिए ?

प्रश्न संख्या -11. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठो पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में दीजिए – (4X2=8)

(क) जितेन गाइड की भूमिका के बारे में विचार करते हुए लिखिए कि कुशल गाइड में क्या-क्या गुण होने चाहिए?

(ख) सांप से डरकर भोलानाथ पिता के पास ना जाकर अपनी माता की शरण लेता है आपकी समझ से इसके क्या कारण हो सकते हैं?

(ग) हिरोशिमा की घटना विज्ञान का भयानकतम दुरूपयोग है | आपकी दृष्टि में विज्ञान का दुरूपयोग कहाँ-कहाँ और किस तरह से हो रहा है?

खंड "घ" (रचनात्मक लेखन)(अंक 20)

प्रश्न संख्या 12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओ के आधार पर 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए – (6X1 =6)

कैसा शासन बिन अनुशासन ?

संकेत बिंदु :- 1. अनुशासन का अर्थ 2. अनुशासित जीवन एक आदर्श जीवन 3. अनुशासन में रहकर ही सफलता 4. वर्तमान परिवेश और अनुशासन की स्थिति 5. जीवन में अनुशासन का महत्व

आधुनिक जीवन शैली एवं स्वास्थ्य समस्याएँ

संकेत बिंदु: 1. आधुनिक युग एवं जीवन शैली 2. बदलता परिवेश 3. समय की कमी 4 कार्य की अधिकता 5. विभिन्न रोगों से पीड़ित 6. इनसे बचने के उपाय

आतंकवाद की समस्या : आखिर कब तक?

संकेत बिंदु : 1. आतंकवाद का अर्थ 2. बढता आतंकवाद 3. मनुष्यता के लिए खतरा 4.इसके दुष्प्रभाव 5. नष्ट करने के उपाय

प्रश्न संख्या 13. आपके सेक्टर का पार्क बेहद ख़राब हालत में है |इसका सौन्दर्यीकरण करवाने का अनुरोध करते हुए सचिव विकास प्राधिकरण अ० ब० स० नगर को 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए | (5X1=5)

अथवा

योग दिवस पर आपने एक विशाल योग शिविर में भाग लिया था | योग के लाभ तथा उस अवसर का वर्णन करते हुए अपने मित्र को 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए |

प्रश्न संख्या: 14. किसी प्रसिद्ध अखबार में पत्रकार के रिक्त –पद की पूर्ति के लिए स्ववृत (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों लिखिए- (5X1=5)

अथवा

आपके क्षेत्र में पेड़-पौधों की अनियंत्रित कटाई हो रही है इसे रोकने के लिए जिलाधिकारी को 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए|

प्रश्न संख्या:15. आप रूपेंद्र /रूपा है आप अपनी पुरानी साइकिल बेचना चाहते हैं उससे संबंधित जानकारी देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए (4x1=4)

अथवा

आप अंकित/ अंकिता है | होली की शुभकामना देते हुए अपने मित्र/सखी को 40 शब्दों में सन्देश लिखिए |